तेरा आसन लगाया माँ चली आओ

तेरा आसन लगाया माँ चली आओ चली आओ,
तेरी ज्योति जलाई माँ चली आओ चली आओ.........

तेरी भक्तों ने ओ मैया तेरा दरबार सजाया है,
बड़े अरमानों से मैया तुम्हें हमने बुलाया है,
करो अरमान पूरे माँ चली आओ चली आओ,
तेरी ज्योति जलाई माँ चली आओ चली आओ......

बड़े अरमानों से मैया पूजा का थाल सजाया है,
तेरी भक्तों ने ओ मैया तेरी ज्योति को जलाया है,
बुझे ना दीप आशा के चली आओ चली आओ,
तेरी ज्योति जलाई माँ चली आओ चली आओ......

उठा है दर्द साने में सहा मुझसे नही जाता,
तेरे बिना माँ मुझे अब तो नजर कुछ भी नही आता,
बुझा दो प्यास नैनों की चली आओ चली आओ,
तेरी ज्योति जलाई माँ चली आओ चली आओ......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31116/title/tera-aasan-lagaya-maa-chali-aao

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |